संख्या- /2017/2106/24-1-17-1340/2017

प्रेषक:

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

(1) **अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक**,
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

(2) **प्रबन्ध निदेशक**,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 24 अगस्त, 2017**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2017-18 में उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण एवं पारेषण क्षेत्र की अवस्थापना योजनाओं हेतु अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था कराये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-715/मु0म0प्र0(वित्त)/निधि-।।/0510/एमडी/2017, दिनांक 26.07.2017 का संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत निर्णय लिया गया है कि:-

(क) प्रदेश के अवस्थापना योजना हेतु विद्युत वितरण क्षेत्र के लिए उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं सहयोगी विद्युत वितरण निगमों द्वारा वित्तीय संस्थाओ से रू0 1250.00 करोड़ एवं विद्युत पारेषण क्षेत्र हेतु उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा वित्तीय संस्थाओ से रू0 843.75 करोड के आंतरिक संसाधन जुटाने हेतु ऋण प्राप्त किया जाय। ऋण की ब्याज एवं अन्य देयों सहित अदायगी हेतु शासकीय गारण्टी प्रदान की जाय तथा शासकीय गारण्टी पर गारण्टी श्ल्क माफ किया जाय।

(ख) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं सहयोगी विद्युत वितरण निगमों को रू0 1250.00 करोड के ऋणों तथा उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 को रू0 843.75 करोड के ऋणों की ब्याज एवं अन्य देयों सहित ऋण पुर्नभुगतान हेतु प्रत्येक वर्ष आवश्यक बजट व्यवस्था करायी जाय।

(ग) ऋण की शर्तों का निर्धारण वित्त विभाग के स्तर पर गठित की जाने वाली समिति की संस्तुतियों के अनुसार किया जायेगा। समिति द्वारा ऋण की शर्तों का निर्धारण कर दिये जाने पर आवश्यकतानुसार उक्त बजट व्यवस्था में संशोधन करा लिया जायेगा।

3- कृपया प्रकरण में तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

आलोक कुमार
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- /2017/2106/24-1-17, तददिनांक ।

प्रतिलिपि निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

आलोक कुमार
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in